निविदा संख्या : 011

# कार्यालयः सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद, रामनगर (नैनीताल)।

पत्रांक : उ0वि0शि0प0 / डी0एल0एड0 2019 / निविदा / 229 / 2019–20 दिनांक 11 नवम्बर, 2019।

## ई–निविदा सूचना

**(डी0एल0एड0 प्रवेश परीक्षा 2019–20 की सूचना विवरणिका एवं ओ0एम0आर0 आवेदन पत्रों का मुद्रण)**

उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर, नैनीताल द्वारा डी0एल0एड0 प्रवेश परीक्षा 2019–20 के आयोजन हेतु विवरणिका, ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र (बारकोड युक्त) एवं लिफाफों के मुद्रण कार्य उत्तराखण्ड ई–निविदा की वेबसाइट **www.uktenders.gov.in** के माध्यम से निविदायें आमंत्रित की जाती हैं:–

| क्र0सं0 | कार्य विवरण | निविदा प्रपत्र का मूल्य | धरोहर धनराशि (अर्नेस्टमनी) |
|---|---|---|---|
| 1 | डी0एल0एड0 प्रवेश परीक्षा 2019–20 की सूचना विवरणिका एवं OMR आवेदन पत्र (बारकोड युक्त) का लिफाफों सहित मुद्रण कर आपूर्ति का कार्य | रु0 200.00 + GST रु0 36.00 रू0 236.00 (कुल रुपये दो सौ छत्तीस मात्र) | रु0 45000.00 (कुल रुपये पैंतालीस हजार मात्र) |

**निविदा की समय सारणी :–**

| क्र0सं0 | कार्यक्रम / गतिविधि | दिनांक (तिथि) एवं समय |
|---|---|---|
| 1 | वेबसाइट पर निविदा जारी करने की तिथि | 11 Nov. 2019 (सोमवार) |
| 2 | प्री–बिड बैठक की तिथि व समय | 18 Nov. 2019, (सोमवार) 11:30am |
| 3 | वेबसाइट पर निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि व समय | 25 Nov. 2019, (सोमवार) 05:00pm |
| 4 | तकनीकी व वित्तीय भाग की हार्डकापी एवं नमूनों को जमा करने की तिथि व समय | 26 Nov. 2019, (मंगलवार) 10:30am |
| 5 | निविदा के तकनीकी भाग खुलने की तिथि व समय | 26 Nov. 2019, (मंगलवार) 11:30am |
| 6 | निविदा के वित्तीय भाग खुलने की तिथि व समय | 26 Nov. 2019, (मंगलवार) तकनीकी निविदा खुलने के बाद |

**निविदा की प्रमुख शर्ते :–**

1. डी0एल0एड0 प्रवेश परीक्षा 2019–20 की विवरणिका एवं ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र (बारकोड युक्त) का लिफाफों सहित मुद्रण कर आपूर्ति हेतु निविदादाता फर्म को N.S.I.C. /S.S.I./D.I.C. से पंजीकृत होना अनिवार्य है। निविदादाता के पास अधिकृत प्रमाणीकरण संख्या (Certifying Authorities) द्वारा निर्गत डी0एस0सी0 (Digital Signature Certificate) होना अनिवार्य होगा।
2. वेबसाइट पर अपलोड की गई निविदा की हुबहू प्रतिलिपि पारम्परिक रूप में पृथक से हार्डकापी भी सीलबन्द लिफाफों में आमंत्रित की जाती है। **जो फर्म www.uktenders.gov.in पर अपनी ई– निविदायें अपलोड नहीं करेंगी उनकी हार्डकापी पर प्रस्तुत निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।**
3. निविदा के साथ अर्नेस्टमनी की धनराशि का क्रास्ड बैंक ड्राफ्ट / T.D.R. की धनराशि के रूप में जो सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल) के पदनाम से प्लेज मनी रखनी होगी। नकद अथवा किसी अन्य रूप में धनराशि मान्य नहीं होगी। बिना अर्नेस्टमनी क्रास्ड बैंक ड्राफ्ट / T.D.R. की धनराशि के तकनीकी भाग स्वीकार नही होगा।
4. **निविदा प्रपत्र मूल्य की धनराशि बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से ली जायेगी। बैंक ड्राफ्ट सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल) के पदनाम से, जो कि भारतीय स्टेट बैंक रामनगर, शाखा कोड 00701 में देय हो जमा करना अनिवार्य है।**
5. निर्धारित निविदा शुल्क की धनराशि का बैंक ड्राफ्ट निविदा की प्रमुख शर्त के **क्रमांक (4) के अनुसार निविदा जमा करने से पूर्व डी0एल0एड0 अनुभाग में जमा करना अनिवार्य होगा, तभी निविदा स्वीकार की जायेगी।**
6. जिन फर्मो के तकनीकी भाग की निविदाएं स्वीकृत होंगी उन्हीं फर्मो की वित्तीय भाग की निविदाएं खोली जायेंगी।
7. परिषद के सचिव को बिना कारण बताये एक अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा।
8. प्री–बिड बैठक परिषद् कार्यालय में की जायेगी। जिसमें सभी इच्छुक निविदादाता भाग ले सकते हैं। ई–निविदा के माध्यम से तकनीकी एवं वित्तीय बिड़ों को ऑनलाईन अपलोड करने के लिए निविदा की विस्तृत नियम, निर्देश, शर्तो एवं आवेदन पत्र उत्तराखण्ड निविदा की वेबसाइट **www.uktenders.gov.in से डाउनलोड कर सकते है।**
9. किसी भी वाद हेतु न्यायालयी क्षेत्राधिकार रामनगर (नैनीताल) होगा।

सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)।

## खण्ड (ख) : कार्य का विवरण

उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल) द्वारा डी0एल0एड0 प्रवेश परीक्षा 2019–20 के आवेदन विवरणिका पुस्तिका, ओ0एम0आर0 (बारकोड सहित) एवं लिफाफों का मुद्रण कर आपूर्ति, जिसका विवरण निम्नवत् है:–

| आइटम नं0 | स्टेशनरी का नाम एवं पूर्ण विवरण | विवरणिका, OMR आवेदन पत्र एवं लिफाफों सहित की अनुमानित संख्या | सामग्री / स्टेशनरी आपूर्ति की अन्तिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | सामान्य / ओ0बी0सी0 अभ्यर्थियो हेतु –<br>i. डी.एल.एड. प्रवेश परीक्षा विवरणिका पुस्तिका (आवरण पृष्ठ 120 GSM साइज A4 मल्टी कलर एवं विवरणिका के अन्दर के पृष्ठ (पृष्ठ 1 से 16 तक) 70 GSM साइज A4 ब्लैक एण्ड व्हाईट)<br>ii. ओ0एम0आर0 आवेदन पत्रक : 120 GSM साइज लीगल, बारकोड (5,00,001से शुरू) सहित।<br>iii. ओ0एम0आर0 हेतु मुद्रित लिफाफा (70 GSM साइज 32X23cm)<br>iv. आवेदन विवरणिका हेतु मुद्रित लिफाफा (70 GSM साइज 35X27cm)<br>**साथ ही आवेदन लिफाफे के मुख पृष्ठ पर विवरण लाल स्याही से मुद्रित होना चाहिए।** | रु0 500.00 **मूल्य वर्ग में कुल - 55,000** | 20 दिसम्बर 2019 |
| 2 | अनु0 जाति / अनु0जन जाति के अभ्यर्थियो हेतु –<br>i. डी.एल.एड. प्रवेश परीक्षा विवरणिका पुस्तिका (आवरण पृष्ठ 120 GSM साइज A4 मल्टी कलर एवं विवरणिका के अन्दर के पृष्ठ (पृष्ठ 1 से 16 तक) 70 GSM साइज A4 ब्लैक एण्ड व्हाईट)<br>ii. ओ0एम0आर0 आवेदन पत्रक : 120 GSM साइज लीगल, बारकोड (2,00,001से शुरू) सहित।<br>iii. ओ0एम0आर0 हेतु मुद्रित लिफाफा (70 GSM साइज 32X23cm)<br>iv. आवेदन विवरणिका हेतु मुद्रित लिफाफा (70 GSM साइज 35X27cm)<br>**साथ ही आवेदन लिफाफे के मुख पृष्ठ पर विवरण काली स्याही से मुद्रित होना चाहिए।** | रु0 250.00 **मूल्य वर्ग में कुल - 35,000** | 20 दिसम्बर 2019 |
| 3 | निःशक्त अभ्यर्थियो हेतु –<br>i. डी.एल.एड. प्रवेश परीक्षा विवरणिका पुस्तिका (आवरण पृष्ठ 120 GSM साइज A4 मल्टी कलर एवं विवरणिका के अन्दर के पृष्ठ (पृष्ठ 1 से 16 तक) 70 GSM साइज A4 ब्लैक एण्ड व्हाईट)<br>ii. ओ0एम0आर0 आवेदन पत्रक : 120 GSM साइज लीगल, बारकोड (1,00,001से शुरू) सहित।<br>iii. ओ0एम0आर0 हेतु मुद्रित लिफाफा (70 GSM साइज 32X23cm)<br>iv. आवेदन विवरणिका हेतु मुद्रित लिफाफा (70 GSM साइज 35X27cm)<br>**साथ ही आवेदन लिफाफे के मुख पृष्ठ पर विवरण काली स्याही से मुद्रित होना चाहिए।** | रु0 125.00 **मूल्य वर्ग में कुल - 10,000** | 20 दिसम्बर 2019 |

## खण्ड (ग) : निविदा की विशेष निर्देश

डी0एल0एड0 प्रवेश परीक्षा 2019–20 की विवरणिका पुस्तिका एवं ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र (बारकोड युक्त) लिफाफों सहित आपूर्ति हेतु फर्म को N.S.I.C. /S.S.I./D.I.C. से पंजीकृत होना अनिवार्य है। निविदादाता के पास अधिकृत प्रमाणीकरण संख्या (Certifying Authorities) द्वारा निर्गत डी0एस0सी0 (Digital Signature Certificate) होना अनिवार्य होगा।

फर्म को ई–निविदा में दिये गये सभी तकनीकी भाग से सम्बन्धित दस्तावेजों को स्वयं अभिप्रमाणित करके, स्कैन कर उन्हें पी0डी0एफ0 फारमेट में तैयार कर अपलोड करना होगा। वेबसाइट द्वारा जो–जो दस्तावेज मॉगें जाये, कृपया उन्हें ही अपलोड किया जाए। **उक्त तकनीकी एवं वित्तीय सूचनाओं की हार्ड कापी अलग–अलग लिफाफों में सील कर एक बडे लिफाफे में रखकर उस पर लाल रंग से मोटे अक्षरों से 'निविदा संख्या – 011, डी0एल0एड0 प्रवेश परीक्षा 2019–20**

आवेदन पत्र मुद्रण कर आपूर्ति कार्य' अंकित कर, सचिव, उ0वि0शि0प0, रामनगर (नैनीताल) को दिनांक 26 नवम्बर, 2019 पूर्वाहन् 10.30 बजे से पूर्व प्राप्त कराना आवश्यक होगा।

उक्त निविदा के तकनीकी सूचनाओं से सम्बन्धित लिफाफे की हार्ड कापी/वेबसाइट की कापी को उसी दिन **दिनांक 26 नवम्बर, 2019, पूर्वाहन् 11.30 बजे तक उपस्थित निविदा दाताओं/उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा।** इसके पश्चात् तकनीकी रूप से अर्ह पायी गयी फर्मों के वित्तीय लिफाफे की हार्ड कापी/वेबसाइट उसी दिवस को तकनीकी निविदा का कार्य पूर्ण होने पर खोला जायेगा। **जो फर्म www.uktenders.gov.in पर अपनी निविदाएं अपलोड नहीं करेंगी उनकी हार्ड कापी पर प्रस्तुत निविदा अस्वीकार कर दी जायेगी तथा सम्बन्धित ऐसे फर्मो का इस सम्बन्ध में कोई भी प्रत्यावेदन स्वीकार नहीं किया** जायेगा।

**जो–जो तकनीकी सूचनाएं ई–निविदा में अपलोड की गई हैं को एक मोहर बन्द लिफाफे में रखी जायें। इस लिफाफे के ऊपर मोटे अक्षरों में प्रथम भाग– तकनीकी सूचना'** लिखा जायेगा। साथ में फर्म का नाम, पता व मुहर भी अंकित होगी। इसी लिफाफे में **नमूना प्रति का लिफाफा और निर्धारित अर्नेस्ट मनी का बैंक ड्राफ्ट** भी रखा जायेगा। **नमूनों के साथ पेपर का सम्पूर्ण फर्म की मुहर व हस्ताक्षर सहित विवरण अंकित किया जाय।**

उपर्युक्त दोनों लिफाफों (तकनीकी व वित्तीय) को एक बड़े लिफाफे में रखा जायेगा तथा इस बड़े लिफाफे को भी मुहरबन्द करके **दिनांक 26 नवम्बर, 2019, पूर्वाहन् 10.30 बजे तक** अथवा इससे पूर्व सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर (नैनीताल) के नाम से प्राप्त कराया जायेगा।

प्राप्त निविदाओं के प्रथम भाग (तकनीकी भाग का लिफाफा) का लिफाफा उसी दिन **दिनांक 26 नवम्बर, 2019, पूर्वाहन् 11.30 बजे खोला जायेगा।** फर्मो से प्राप्त तकनीकी सूचनाओं की जाँच के उपरान्त उपयुक्त पाई गई फर्मों के ही वित्तीय लिफाफे (द्वितीय भाग वित्तीय सूचना के लिफाफे) खोले जायेंगे। अनुपर्युक्त पायी गयी फर्मों के वित्तीय भाग के लिफाफे नहीं खोले जायेंगे एवं इन फर्मो के निविदा अस्वीकार कर दिये जायेंगे। सम्बन्धित फर्मो से इस निर्णय के विरुद्ध कोई प्रत्यावेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा। **सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल) प्राप्त निविदाओं में से बिना कारण बताये किसी भी निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।**

## खण्ड (घ) : निविदा की मुख्य शर्ते

1. मुद्रित सामग्री की दरें एफ0ओ0आर0 परिषद् कार्यालय रामनगर (नैनीताल) द्वारा निर्धारित उत्तराखण्ड राज्य के 42 डाकघरों तथा परिषद् कार्यालय रामनगर (नैनीताल) को की जानी है। आवश्यकतानुसार एक बार से अधिक भी आवेदन पत्रों की आपूर्ति उक्त को की जानी होगी। इस हेतु पृथक से अतिरिक्त धनराशि का भुगतान सम्बन्धित फर्म को नहीं किया जाएगा।
2. क्रयादेश निर्गत होने के 20 (बीस) दिन के अंदर सामग्री मुद्रित कर उसे परिषद् द्वारा निर्धारित उत्तराखण्ड राज्य के 42 डाकघरों तथा परिषद् कार्यालय रामनगर (नैनीताल) को उपलब्ध कराया जाना होगा।
3. निविदा सम्बन्धी समस्त कार्यवाही **उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति (प्रोक्योरमेंट) नियमावली 2017** के प्राविधानों के अनुसार की जायेगी।
4. फर्म को किसी भी राज्य **अथवा राष्ट्र स्तरीय मान्यता प्राप्त बोर्ड/संस्था द्वारा आयोजित परीक्षाओं हेतु ओ0एम0आर0 मुद्रण कार्य को करने का अनुभव होना अनिवार्य** है।
5. **नमूनों का निरीक्षण** :– आपूर्ति किये जाने वाले नमूनों का निरीक्षण तथा विस्तृत विवरण की जानकारी कार्यालय सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद, रामनगर (नैनीताल) के **डी0एल0एड0 अनुभाग** से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।
6. **नमूने दाखिल करने का निर्देशः–निविदा के साथ प्रत्येक आइटम के नमूने का एक सैट (निर्धारित विवरण के अनुरुप) अवश्य संलग्न किया जाय। बिना नमूने के निविदा स्वीकार नहीं होगी।** फर्म द्वारा संलग्न नमूनों पर कोई चिन्ह् या विवरण अंकित नहीं किया जायेगा। प्रत्येक नमूने के साथ ट्विन (**Twin**) तागे से एक स्लिप नत्थी की जायेगी। इस स्लिप पर फर्म का नाम पता अंकित किया जायेगा। **नत्थी के स्थान पर तथा तागे की गाँठ पर लाख लगाकर फर्म द्वारा हस्ताक्षर कर सील लगा दी जायेगी।** ये नमूने एक अलग लिफाफे में रखे जायेंगे जिस पर मोटे अक्षरों में **'नमूनों का लिफाफा'** लिखा जायेगा। नमूने के इस लिफाफे को तकनीकी सूचना के लिफाफे में रखा जायेगा।
7. विवरणिका, ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र एवं लिफाफों पर मार्किंग परिषद् के निर्देशानुसार डाली जायेगी।
8. निर्धारित साइज में किसी भी प्रकार की शिथिलता/टालरेन्स अनुमन्य न होगा। सबलटेन्स टालरेन्स आई0एम0आई0 1848–1991 के अनुसार अनुमन्य होगा।
9. विवरणिका, ओ0एम0आर0 आवेदन पत्रों की वांछित संख्या आवश्यतानुसार घटाई अथवा बढ़ाई जा सकती है, साथ ही मुद्रित सामग्री की गुणवत्ता सही न होने पर वापस की जायेगी जिसे वापस ले जाने का सम्पूर्ण उत्तरदायित्व फर्म का होगा। इस हेतु किसी भी प्रकार की धनराशि का भुगतान सम्बन्धित फर्म को नहीं किया जाएगा।

10. आपूर्तिकर्ता फर्म विवरणिका, ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र का आर्टवर्क निर्धारित समय से बनाकर सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल) से अनुमोदित करायेगी। इस हेतु अलग से कोई धनराशि फर्म को देय नहीं होगी। इस प्रकार फर्म द्वारा बनवाया गया आर्टवर्क परिषद् कार्यालय की आवश्यकताओं के अनुरूप न पाये जाने पर इसे निरस्त भी किया जा सकता है। ऐसी स्थिति में परिषद् कार्यालय स्वयं आर्ट वर्क बनवाकर देगा, जिसका सम्पूर्ण व्यय आपूर्तिकर्ता फर्म को वहन करना होगा। आर्ट वर्क परिषद् की सम्पत्ति होगी। फर्म आर्ट वर्क की सी0डी0 परिषद् को उपलब्ध करायेगा। इस हेतु कोई धनराशि देय नहीं होगी।

11. आदेशित फर्म में विवरणिका, ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र तैयार हो जाने की सूचना प्राप्त होने पर आपूर्ति से पूर्व विवरणिका, ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र का निरीक्षण फर्म के कार्यस्थल पर परिषद् कार्यालय के अधिकारी द्वारा किया जायेगा और अनुमोदन के उपरान्त आपूर्ति प्रारम्भ की जायेगी।

12. आपूर्तिकर्ता फर्म को विवरणिका, ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र की आपूर्ति उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् द्वारा पूर्व निर्धारित समय सारणी के अनुसार अपने व्यय पर करना होगा। परिषद् के सचिव की पूर्वानुमति बिना निर्धारित समय के उपरान्त आपूर्ति किये जाने की स्थिति में फर्म के देयक से क्षतिपूर्ति हेतु सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद, रामनगर (नैनीताल) द्वारा रु0 **1000.00 (रुपये एक हजार) प्रतिदिन** की दर से कटौती की जायेगी।

13. **निर्देशानुसार स्टेशनरी (विवरणिका पुस्तिका, ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र लिफाफों सहित) की आपूर्ति एक बार कर देने के पश्चात स्टेशनरी (विवरणिका, ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र) की आपूर्ति माँग के अनुसार और भी कई चरणों में करनी पड़ सकती है। इस हेतु फर्म को परिषद् की पूरक माँग हेतु 08 जनवरी, 2020 तक कार्यादेश दिया जा सकता है। फर्म को तद्नुसार विवरणिका, ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र उसी दर एवं उन्हीं वर्णित शर्तों पर आपूर्ति करनी होगी। आवश्यकता पड़ने पर फर्म को अतिरिक्त माँग हेतु कार्यादेश दिया जा सकता है। जिसे फर्म को विवरणिका, ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र स्वीकृत दरों पर एक सप्ताह के अन्दर परिषद् कार्यालय पर आपूर्ति करनी होगी।**

14. आपूर्तिकर्ता फर्म द्वारा स्टेशनरी **(विवरणिका, ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र)** के मुद्रण तथा आपूर्ति की अवधि में यदि परिषद् के सचिव अनुभव करते हैं कि फर्म के कार्य की प्रगति संतोषजनक नहीं है या मुद्रित की जा रही स्टेशनरी की गुणवत्ता या कार्य कुशलता निर्धारित स्तर के मानक के अनुसार नहीं है तो वे फर्म से कार्य वापस ले सकते हैं तथा एक सप्ताह का लिखित नोटिस देकर उस फर्म के अनुदानित कार्य को अन्य फर्म को दे सकते है। ऐसी स्थानापन्न स्थिति में होने वाला अतिरिक्त व्यय पूर्व स्वीकृत फर्म को देना होगा।
15. सशर्त निविदा स्वतः निरस्त मानी जायेगी।

16. किसी भी वाद हेतु न्यायालयी क्षेत्राधिकार रामनगर (नैनीताल) होगा।

## खण्ड (ङ) : तकनीकी विड (Technical Bid)

1. तकनीकी विड के साथ निम्नवत् आवश्यक अभिलेख/प्रमाण पत्र क्रमानुसार Upload कर संलग्न करने होंगे। समस्त अभिलेख/प्रमाण पत्रों को संलग्न नही करने की स्थिति में निविदा स्वतः ही निरस्त समझी जायेगी।
2. किसी भी राज्य अथवा राष्ट्र स्तरीय मान्यता प्राप्त बोर्ड/संस्था द्वारा आयोजित परीक्षाओं हेतु ओ0एम0आर0 मुद्रण कार्य को करने का अनुभव प्रमाणपत्र संलग्न करना होगा।
3. विगत एक वर्ष का (2018–19) के आयकर रिटर्न के मूल प्रमाण पत्र की पठनीय सत्यापित फोटो प्रति, जिसमें स्थाई आयकर खाता (Permananant Account Number) संख्या का उल्लेख हो। संलग्न करना होगा।
4. वैध जी0एस0टी0 के भुगतान का प्रमाण पत्र।
5. निम्नलिखित बिन्दुओं के लिये नोटरी द्वारा सत्यापित शपथ पत्र संलग्न करना होगा। जिसमें स्पष्ट रूप से यह उल्लेख किया गया हो कि समस्त सूचनाएँ प्रत्येक दशा में सत्य है और ऐसी कोई भी सूचना, जो देना आवश्यक था, छिपाई नही गई है। यदि कोई भी सूचना छिपाई जाती है, तो सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् द्वारा जो भी विधि कार्यवाही की जायेगी वह निविदादाता को मान्य होगी।
   - किसी भी सरकारी विभाग से किसी भी प्रकार का विधिक विवाद नही हुआ हो तथा न चल रहा हो।
   - फर्म को किसी भी बोर्ड द्वारा काली सूची में दर्ज न किया गया हो और न ही उसकी सुरक्षा धनराशि जब्त की गई हो।
   - *टेण्डर डाक्यूमेंट में उल्लिखित सभी नियम एवं शर्तें मान्य हैं।*

6. तकनीकी बिड की नमूना प्रतियों को कार्यालय–सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल) पिन कोड़ 244715 पर उपलब्ध करवाना होगा। निर्धारित अन्तिम तिथि के बाद लिफाफा प्राप्त होने पर ई–निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। **लिफाफे के ऊपर दाहिनी ओर लाल रंग के मोटे अक्षरों में "डी0एल0एड0 प्रवेश परीक्षा 2019–20 स्टेशनरी (विवरणिका, ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र) हेतु निविदा संख्या 011" अनिवार्य रूप से अंकित करें।**

- (एक). निविदा प्रपत्र शुल्क
- (दो). अर्नेष्ट मनी (EMD)
- (तीन). कागज के नमूनों के लिये निर्धारित शीटों जो कि मुहरबंद टैग द्वारा बधी हो तथा टैग पर निविदादाता की मोहर सहित हस्ताक्षर किये गये हो, उपलब्ध करानी होगी।

## खण्ड (च) : द्वितीय भाग–वित्तीय भाग (Financial Bid)

1. निविदादाता द्वारा डी0एल0एड0 प्रवेश परीक्षा 2019 की विवरणिका एवं ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र के मुद्रण कर आपूर्ति कार्य हेतु ई–निविदा में निर्धारित किये गये प्रारूप पर दरें भाग–2 प्रपत्र (ख) वित्तीय सूचना (Financial Bid) के Financial Document (BOQ) पर दी जायेंगी।
2. वित्तीय बिड में प्रति शीट जिसमें एक पूर्ण फार्म सम्मिलित होगा की दर For Destination आपूर्ति की दर **(निविदा की मुख्य शर्त के बिन्दु संख्या 01 अनुसार)** समाहित हो, सहित दी जानी है।
3. उपर्युक्त वर्णित नियमों एवं शर्तों के अधीन तथा भुगतान की प्रक्रिया का अध्ययन कर परिषद् की आवश्यकता के अनुरूप दर सभी करों सहित (जिसमें सेवाकर भी सम्मिलित है) अंकित की जाये।

## खण्ड (छ) : द्वितीय भाग–वित्तीय सूचना

1. उपर्युक्त वर्णित नियमों एवं शर्तों के अधीन तथा भुगतान की निम्नलिखित प्रक्रिया का अध्ययन कर परिषद् के नमूनों के अनुरूप निर्मित स्टेशनरी की दर **G.S.T.** सहित सम्मिलित है (प्रति एक आवेदन पत्र) अंकित की जाये।
2. आपूर्ति की गई स्टेशनरी के मूल्य का 80% भुगतान सम्बन्धित फर्मों को/परिषद् कार्यालय रामनगर से, स्टेशनरी **(विवरणिका पुस्तिका एवं ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र लिफाफों सहित)** की प्राप्ति चालान के साथ देयक प्रस्तुत करने पर नियमानुसार कर कटौती उपरान्त किया जायेगा। अवशेष 20% राशि का भुगतान स्टेशनरी के संतोषजनक आपूर्ति तथा सभी शर्तो को पूर्ण करने के उपरान्त ही किया जायेगा। अतः उक्तानुसार ही देयक प्रस्तुत किये जायें।
3. **आपूर्तिकर्ता फर्म को निर्धारित प्रपत्र पर अनुबन्ध–पत्र रुपया 100.00 के नान–जुडिशियल स्टैम्प पेपर पर हस्ताक्षरित करना होगा तथा कार्यादेश पाने के एक सप्ताह के अन्दर कार्य के कुल मूल्य के दस प्रतिशत (10%) के बराबर जमानत की धनराशि बैंक गारन्टी/एकाउन्ट पे बैंक ड्राफ्ट/सावधि जमा के रूप में जो सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर (नैनीताल) के नाम निरूपित कर बन्धक स्वरूप बनाकर कार्य सम्पादित करने हेतु जमा करेंगे। कार्यपूर्ति धरोहर आपूर्ति कर्त्ताओं/निविदादाताओं के संविदा से सम्बन्धित सभी दायित्वों को जिनमें वारंटी सम्बन्धी दायित्व सम्मिलित हैं, पूर्ति करने की अवधि के दिवस से 60 दिन बाद तक वैध होना आवश्यक है। किसी भी दशा में निश्चित की जाने वाली राज्यपाल को देय किसी भी धनराशि की वसूली उक्त जमानत की धनराशि से की जायेगी तथा उसके प्रति सचिव द्वारा लिखित नोटिस दिये जाने के पन्द्रह दिनों के अन्दर ठेकेदार उक्तवत हुई कमी की पूर्ति करेगा ठेकेदार को जमानत की राशि की वापसी ठेके का कार्य पूर्णतः सन्तोषजनक एंव सफलतापूर्वक सम्पन्न हो जाने के छः माह के पश्चात् की जायेगी।**
4. आपूर्तिकर्ता फर्म के भुगतान किये जाने वाले सभी देयकों से तत्समय निर्धारित दर पर सदेय आयकर तथा आयकर पर सरचार्ज की कटौती की जायेगी।

## खण्ड (ज) : अन्य आवश्यक सूचना

1. निविदा में उल्लिखित समस्त नियमों एवं निर्देशों का भली–भाँति अध्ययन कर लें तथा निविदा में मांगे जाने वाली समस्त सूचनाएं पूरी स्पष्टता के साथ सही–सही दी जायें। सूचनायें अपूर्ण होने/गलत होने/अथवा तथ्यों को छिपाये जाने की स्थिति में निविदा बिना कारण बताये निरस्त कर दी जायेगी।
2. निविदा खुलने के उपरान्त कोई भी प्रत्यावेदन अथवा प्रपत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे।
3. निविदा में मांगी गयी समस्त सूचनाओं सहित निविदा फार्म के साथ निविदादाता फर्म को निम्नलिखित सभी प्रपत्रों को *क्रमबद्ध रूप में उन पर क्रमांक संख्या अंकित करते हुये वेबसाइट पर अपलोड एवं हार्ड कॉपी में जमा करना होगा।*

1. Certified copy of registration Certificate or Certificate of Incorporation of the firm.
2. Performance report (Experience) of the concerning Institution/Board.
3. Certified copy Turn over of Last two year.
4. Certified copy of Income Tax of Last year.
5. Certified copy of registration in GST.
6. Scanned copy of EMD document
7. Scanned copy of Tender Fee document
8. Acceptance certificate of all the Terms and Conditions of the tender mentioned in the Tender Form above **(As mentioned in point 5 of Technical Bid.)**

सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)।

डी0एल0एड0 प्रवेश परीक्षा 2019–20 हेतु

आवेदन प्रपत्र विवरणिका, ओ0एम0आर0 आवेदन पत्रों एवं लिफाफों का मुद्रण कार्य हेतु निविदा

## भाग–2 प्रपत्र–(क)

## तकनीकी सूचना (Technical Bid)

| |
|---|
| निविदादाता का स्वप्रमाणित फोटो |

1. निविदादाता का नाम : ..............................................................................
2. फर्म का पता : ..............................................................................

   ..............................................................................

   फोन नं0 कार्यालय : .................................... मो0नं0 : ....................................

   ई–मेल आई0डी0 : ..............................................................................

   वेबसाइट : ..............................................................................
3. फर्म के कार्यस्थल का पता : ..............................................................................
4. फर्म की स्थापना/रजिस्ट्रेशन का माह तथा वर्ष : ..............................................................................
5. फर्म का स्वरूप (एकल, संयुक्त, प्राइवेट, पब्लिक लिमिटेड/संस्था) साथ में स्वामित्व का प्रमाण पत्र एवं पंजीकरण प्रमाण पत्र भी संलग्न करें) : ..............................................................................
6. किसी राज्य अथवा राष्ट्र स्तरीय मान्यता प्राप्त बोर्ड/संस्था हेतु ओ0एम0आर0 मुद्रण कार्य को करने का अनुभव (**प्रमाण पत्र** भी संलग्न करें) : ..............................................................................
7. विगत 02 वर्षों का टर्न ओवर (पृथक–पृथक औसतन 50.00 लाख) तक (चार्टर्ड एकाउन्टेंट द्वारा निर्गत प्रमाण–पत्र संलग्न करें।) : ..............................................................................
8. आयकर का वर्ष 2018–19 भुगतान सम्बन्धी प्रमाण पत्र (आयकर रिटर्न सम्मिलित किया जाय) ..............................................................................

   ..............................................................................

   - स्थाई आयकर खाता संख्या (Parmanant Account Number) ..............................................................................
9. वैध व्यापार जी0एस0टी0 पंजीकरण संख्या ..............................................................................

   - केन्द्रीय बिक्रीकर/व्यापार कर/वैट पंजीकरण संख्या ..............................................................................

(केन्द्रीय व्यापार कर/वैट भुगतान का प्रमाण पत्र संलग्न किया जायेगा।)

**नोट**–क्रम संख्या 5, 6, 7, 8 तथा 9 के प्रमाण पत्रों की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करे।

10. फर्म/कम्पनी का मुख्य व्यवसाय एवं अन्य व्यवसाय : ..............................................................................

    ..............................................................................
11. **धरोहर राशि (EMD) का विवरण** (भारतीय स्टेट बैंक रामनगर, शाखा कोड 00701में देय हो)

    *बैंक ड्राफ्ट/एफ0डी0 आर0/बैंकर्स चैक/बैंक गारन्टी का विवरण –*

धनराशि अंको में ......................................शब्दों में ..........................................................................................................

दिनांक ..................................बैंक का नाम व शाखा .........................................................................................

12. **निविदा प्रपत्र का मूल्य विवरण** (भारतीय स्टेट बैंक रामनगर, शाखा कोड 00701 में देय हो)

- डी0डी0 नम्बर व दिनांक ..........................................................................................................
- धनराशि ........................................................बैंक का नाम व शाखा ..............................................

13. निविदादाता फर्म के रजिस्टर्ड होने के प्रमाण स्वरूप फर्म की निविदा के साथ निविदादाता फर्म को N.S.I.C. /S.S.I. /D.I.C. में पंजीकरण होने का प्रमाण पत्र संलग्न करें।

14. तकनीकी बिड में संलग्नकों की संख्या ..........................................................................................

15. अन्य कोई विवरण ..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

16. घोषणा :

मैं ..........................................................................................मैसर्स ...................................................................... .......... ...........................................का मालिक/...................................................प्रतिशत साझेदार/हिस्सेदार हूँ। इस निविदा की समस्त कार्यवाही को पूर्ण करने एवं समस्त औपचारिकता के प्रति मेरा पूर्ण उत्तरदायित्व है। उपरोक्त समस्त सूचना पूर्णतया सत्य है। इससे सम्बन्धित कोई सूचनाएँ छिपाई नहीं गई हैं। यदि कोई सूचना असत्य अथवा अपूर्ण पायी जाती है तो उसके लिए मैं स्वयं/हमारी फर्म उत्तरदायी रहेगी।

**दिनांक :** ..........................

**मालिक/साझेदार के हस्ताक्षर**

**नाम :** ..........................................................................

**फर्म की मुहर :**

# भाग–2 प्रपत्र (ख)
# वित्तीय सूचना (Financial Bid)

1. निविदादाता का नाम : ..............................................................................................

2. फर्म का पता : ..............................................................................................

..............................................................................................
फोन नं0 कार्यालय : .................................................. मो0न0 : ..................................................
ई–मेल आई0डी0 : ..............................................................................................
वेबसाइट : ..............................................................................................

3. डी0एल0एड0 प्रवेश परीक्षा 2019–20 की विवरणिका पुस्तिका एवं ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र (बारकोड सहित) लिफाफों सहित मुद्रण कर आपूर्ति का कार्य में प्रयुक्त होने वाली स्टेशनरी का गुणवत्ता के मानक :–

| क्र0 सं0 | स्टेशनरी का नाम | गुणवत्ता के मानक | |
|---|---|---|---|
| | | जी0एस0एम0 | साइज |
| 1 | आवेदन विवरणिका पुस्तिका का आवरण पृष्ठ (मल्टीकलर) | 120 GSM | ए–4 |
| 2 | आवेदन विवरणिका पुस्तिका के अंदर के समस्त पृष्ठ (ब्लैक एंड व्हाइट) | 70 GSM | ए–4 |
| 3 | ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र (बार कोड सहित) | 120 GSM | लीगल साइज |
| 4 | आवेदन पुस्तिका का मुद्रित लिफाफा (फोल्ड सहित) | 70 GSM | 35x27 से0मी0 |
| 5 | ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र का मुद्रित लिफाफा (फोल्ड सहित) | 70 GSM | 32x23 से0मी0 |

4. आवेदन विवरणिका पुस्तिका, ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र (बार कोड सहित) एवं लिफाफों का मुद्रण कार्य हेतु दरें (सभी करों को सम्मिलित करते हुये) :–

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | दर (प्रति एक आवेदन पत्र) | | |
|---|---|---|---|---|
| | | दर (GST रहित) | जी0एस0टी0 | कुल योग (GST सहित) (कॉलम 3+4) |
| *1* | *2* | *3* | *4* | *5* |
| 1 | डी0एल0एड0 प्रवेश परीक्षा 2019–20 हेतु सामान्य/ओ0बी0सी0 अभ्यर्थियो हेतु विवरणिका पुस्तिका एवं ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र (बारकोड सहित) लिफाफों सहित मुद्रित कर आपूर्ति | | | |
| 2 | डी0एल0एड0 प्रवेश परीक्षा 2019–20 हेतु अनु0 जाति/अनु0जन जाति अभ्यर्थियो हेतु विवरणिका पुस्तिका एवं ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र (बारकोड सहित) लिफाफों सहित मुद्रित कर आपूर्ति | | | |
| 3 | डी0एल0एड0 प्रवेश परीक्षा 2019–20 हेतु निःशक्त अभ्यर्थियो हेतु विवरणिका पुस्तिका एवं ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र (बारकोड सहित) लिफाफों सहित मुद्रित कर आपूर्ति | | | |

दिनांक ......................

निविदा दाता के हस्ताक्षर–..............................................

नाम :..............................................................

फर्म का नाम–..............................................